प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 16.10.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1-अवैध तमंचा कारतूस के साथ 02 आरोपी गिरफ्तार थाना भगतपुरः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध /अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अवैध शस्त्र निर्माण/तस्करी, एंव अवैध शस्त्र धारको की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 16.10.2024 को उ0नि0 रोहित कुमार थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्तगण 1.अच्छन पुत्र सुलेमान, 2.गुच्छन पुत्र सुलेमान निवासीगण ग्राम गक्खरपुर थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद को अवैध 02 तमंचे व 02 कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना भगतपुर पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 267/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

2- घर में घुसकर छेडछाड, मारपीट, बलात्कार करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार, थाना कांठः-

अवगत कराना है कि दिनांक 07.09.2024 को वादिनी निवासनी मो0 फकीरगंज कस्बा व थाना कांठ जनपद मुरादाबाद ने आरोपी द्वारा वादिनी के घर में घुसकर छेडछाड, मारपीट, बलात्कार करने व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना कांठ पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कांठ पर मु0अ0सं0-358/2024 धारा 64/74/115(2)/351(2)/333 बीएनएस बनाम राजीव कुमार पुत्र राजकुमार निवासी मो0 फकीरगंज कस्बा व थाना कांठ जनपद मुरादाबाद पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 16.10.2024 को उ0नि0 लईक अहमद थाना कांठ जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी राजीव कुमार पुत्र राजकुमार उपरोक्त को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय भेजा गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

3- अवैध चरस के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना कोतवाली नगरः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध/अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अवैध मादक पदार्थो के निर्माण/तस्करी एंव संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 16.10.2024 को म0उ0नि0 राजबेन्द्र कौर थाना कोतवाली नगर जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त शमी उर्फ भुज्जी पुत्र नईम नि0 असालतपुरा बडी मस्जिद गली न0 1 थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद को अवैध 334 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना कोतवाली नगर पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0-162/2024 धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

आपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0सं0 162/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद मुरादाबाद
2. मु0अ0सं0 106/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद मुरादाबाद
3. मु0अ0सं0 76/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद।

4- थाना भगतपुर पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 04 अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 16.10.2024 को थाना भगतपुर पुलिस द्वारा शान्ति भंग कर रहे आरोपीगण 1. आबिद पुत्र माहिर, 2. अशोक पुत्र रामचन्द्र निवासीगण ग्राम जाहिदपुर सीकमपुर थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद, 3. लाखन सिंह पुत्र धर्मसिंह निवासी ग्राम भानपुर गजरौला थाना भगतपुर मुरादाबाद, 4. मुकेश पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम सकटपुरा थाना भगतपुर मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

5- थाना कटघर पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 02 अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 16.10.2024 को थाना कटघर पुलिस द्वारा शान्ति भंग कर रहे आरोपीगण 1. नदीम आलम पुत्र वसीर अहमद, 2. फैय्याज पुत्र अन्सार निवासीगण मौहल्ला रहमतनगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।